गौशाला निर्माण | अधिकारियों ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# पीएम के प्रस्तावित आगमन को लेकर कलेक्टर, एसपी ने किया निरीक्षण

**नवभारत,दमोह.** जिले में स्वावलंबी गौशाला (कामधेनु निवास) की स्थापना हेतु विकासखंड पथरिया के ग्राम रानगिर, कल्याणपुरा व बिजोरी में स्वीकृत 517 एकड़ भूमि का 2 अप्रैल को कलेक्टर प्रताप नारायण यादव और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ निरीक्षण किया गया चूंकि उक्त गौशाला के निर्माण कार्य के भूमि पूजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा प्रस्तावित है. स्वीकृत भूमि पर गौशाला के निर्माण व संचालन हेतु मेसर्स श्रीराम मानेक एग्रो प्रोडक्टस प्राइवेट लिमिटेड मुंबई को म.प्र. गौसंबर्धन बोर्ड भोपाल द्वारा आदेशित किया गया है, मौके पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा संबंधित अधिकारियों व कम्पनी के प्रतिनिधियो को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम से संबंधित



कार्यों हेतु निर्देशित किया.निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी के साथ एस.डी.एम.निकेत चौरसिया, तहसीलदार दीपा चतुर्वेदी,वृंदेश पांडे, सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अठया, डॉ. जतिन दुबे,सीएसपी एचआर पांडे, पशुपालन विभाग उपसंचालक डॉक्टर बृजेंद्र असाटी, पीएचई विभाग से अशोक मुकाती, टीआई अमित गौतम, चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल और राजस्व के सभी अधिकारी/कर्मचारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन व डेयरी विभाग, म.प्र.विद्युत कंपनी के अधिकारी मौजूद रहे.उपसंचालक पशुपालन डॉ. बृजेंद्र असाटी द्वारा बताया गया कि म.प्र. गौसंबर्धन बोर्ड द्वारा गौशाला के संचालन हेतु नियुक्त कंपनी को समय सीमा में भूमि की फेंसिंग व अस्थायी 200 गौवन्श की गौशाला का निर्माण 10 मई 2026 के पूर्व किए जाने के निर्देश दिए गए है.पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा, इस गौशाला का भूमिपूजन प्रधानमंत्री के सानिध्य में प्रस्तावित है,जिसकी तैयारियां प्रक्रिया के अंतिम चरण में हैं.आज गौशाला स्थल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्री यादव व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मौजूदा सुविधाओं, व्यवस्थाओं व आधारभूत संरचनाओं का जायजा

### गौशाला भूमिपूजन प्रधानमंत्री के सानिध्य में प्रस्तावित

निरीक्षण के दौरान गौशाला की सभी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा प्रधानमंत्री जी के आगमन कार्यक्रम के अनुरूप आवश्यक बिंदुओ पर विचार-विमर्श किया गया. उन्होने बताया कि कार्यक्रम की तिथि व अन्य विवरणों की अंतिम पुष्टि होते ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएंगी.

तुलाई के नाम पर पैसे और 5 किलो गेहूं लिया जा रहा अतिरिक्त, एफआईआर के निर्देश

# कलेक्टर-एसपी के सामने किसानों के आरोप

**नवभारत,दमोह.कलेक्टर प्रताप नारायण यादव और एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी के द्वारा शनिवार दोपहर पथरिया ब्लाक के चंपत पिपरिया गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया.जहां उन्हें काफी अनियमिताएं मिली हैं.किसानों ने कलेक्टर के सामने खुलकर आरोप लगाया कि उनसे तुलाई के नाम पर पैसे लिए जा रहे हैं. साथ ही अधिक अनाज भी उनसे लिया जा रहा है. जैसे ही कलेक्टर के सामने यह बात आई उन्होंने तत्काल एफआईआर के निर्देश दिए. जहां तत्काल ही खाद्य आपूर्ति से आदित्य दाहिया,प्रिया कोष्ठी ने पहुंचकर एफआईआर करने नरसिंहगढ़ चौकी पहुंचे.**

कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से सभी किसानों से कहा है कि किसी को कहीं कोई पैसा नहीं देना है.यदि कोई पैसा मांगता है तो तत्काल इसकी सूचना उनके पास पहुंचाई



जाए.इस दौरान अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की भी मौजूदगी रही.किसान श्रीराम पटेल ने आरोप लगाया कि चंपत पिपरिया गेहूं खरीदी केंद्र पर किसानों से अधिक मात्रा में तुलाई के नाम पर गेहूं लिया जा रहा है. वहीं किसानों को पल्लेदारी के नाम पर 100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से वसूली की जा रही है. आपरेटर प्रवीण दुबे के द्वारा किसानों से पैसा वसूल किया जा रहा है.इसी प्रकार किसान वृंदावन पटेल ने बताया कि 5 किलो अतिरिक्त गेहूं सभी किसान से लिया जा रहा है. शिकायत मिलते ही कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के द्वारा नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल को बुलाकर वेयरहाउस मलिक विशाल पटेल व समिति प्रबंधक अशोक पटेल,ऑपरेटर व चौकीदार प्रवीण दुबे पर एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं.एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने तत्काल चौकी प्रभारी को बुलाकर दो लोगों को चौकी भिजवाया.इस अवसर पर एसडीएम निकेत चौरसिया के अलावा और भी अधिकारी गण मौजूद रहे.

### कलेक्टर बोले लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि जब वह पिपरिया चंपत खरीदी केंद्र पहुंचे, तो उन्होंने किसानों से एकांत में चर्चा की.किसानों ने बताया की तुलाई के अलग से पैसे लिए जा रहे हैं जबकि शासन ने निर्धारित किया है कि किसानों से कोई पैसा अलग से नहीं लिया जाएगा. किसानों ने यह भी बताया कि अन्य व्यक्ति सैंपल के नाम पर 5 किलो गेहूं अतिरिक्त ले रहे हैं.

# लाड़ली लक्ष्मी योजना : पंजीयन प्रमाण पत्र हुए वितरित



नवभारत,दमोह।कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के मार्गदर्शन में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव, बेटियों का सम्मान, मार्गदर्शन व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग,जिला दमोह द्वारा शासकीय पीएम उत्कृष्ट महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) दमोह में व जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों ग्राम पंचायतों, नगर परिषद में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव व बेटियों का सम्मान (लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र वितरण) मार्गदर्शन व संवाद कार्यक्रम का सफ्ल आयोजन किया गया।इस दौरान लाड़ली बालिकाओं द्वारा एक पेड़ लाड़ली बालिका के नाम (वृक्षारोपण)किया गया। कार्यक्रम के दौरान 5 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उपस्थित अतिथियों ने बेटियों के शिक्षा,सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर देते हुए प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का प्रभावी व सुसंगठित मंच संचालन लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही सुश्री ईशा तिवारी एवं अनामिका चौबे द्वारा किया गया,जिसकी सभी ने सराहना की।जिला स्तरीय कार्यक्रम में कुल 120प्रतिभागियों की उपस्थिति रही, जिनमें 80 महिलाएं, 35 बालिकाएं व 5 पुरुष शामिल रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना,उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना व उन्हें जीवन में आगे बढ़ने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।



## समाजसेवी सुदेश चौरसिया ने किया रक्तदान

**पथरिया 2 मई।** नगर के जागरुक,जिम्मेदार, प्रतिष्ठित, धार्मिक,सामाजिक कार्यो के प्रति समर्पित, मां गायत्री शक्ति पीठ परिवार पथरिया के सक्रिय सदस्य, समाजसेवी, पतंजलि विकास खण्ड योग प्रभारी सुदेश चौरासिया ने शनिवार को पितृ छाया हॉस्पिटल दमोह जाकर उषा करकरे को नि:शुल्क रक्तदान किया। खून की कमी के कारण उषा करकरे लंबे समय से अस्वस्थ्य है और पितृ छाया अस्पताल दमोह में भर्ती है।

# प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक जावेद और वायलिन वादक गुलज़ार ने बाँधा समां

नवभारत,दमोह.प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक और बॉलीवुड सिंगर जावेद हुसैन ने गुरुवार रात्रि दमोह में एक शाम ग़ज़ल के नाम कार्यक्रम ग़ज़ल संध्या में अपनी ग़ज़लों की प्रस्तुति दी। कला मित्र समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में फ़िल्म वीर ज़ारा फेम गायक जावेद हुसैन ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा साथ ही देश के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वायलिन वादक गुलज़ार हुसैन ने अपनी वायलिन वादन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग़ज़ल गायक व बॉलीवुड सिंगर जावेद हुसैन से लोगों की फ़रमाइश रही फ़िल्म वीर ज़ारा में गाई गई कव्वाली की जिसमें जावेद हुस्सैन ने अपनी आवाज़ दी साथ ही उनके पिता पदमश्री अहमद हुसैन द्वारा गाया गया आया तेरे दर पर दीवाना



गाया था उस गाने को सुन बड़ी संख्या में लोग पहुँचे और खूब आनन्द लिया। ग़ज़ल संध्या में ग़ज़ल गायक जावेद हुसैन और वायलिन वादक गुलज़ार हुसैन ने समां बाँध दिया।ग़ज़ल की शाम बड़ी खूबसूरत रही मौसम सुहाना और मख़मली आवाज़ के मालिक जयपुर राजस्थान से आये अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्ति प्राप्त पद्मश्री उस्ताद ग़ज़ल गायक अहमद हुसैन मोहम्मद हुसैन साहब के साहबजादे जो आज मुल्क में अपनी ग़ज़लों से लोगों के दिलों में अपना एक अहम मुक़ाम हासिल कर चुके ग़ज़ल गायक बॉलीवुड सिंगर जनाब जावेद हुसैन साहब ने दमोह के पवित्र बंधन गार्डन में ग़ज़ल संध्या कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुति देकर माहौल को खुशनुमा बना दिया जावेद हुसैन साहब की ग़ज़लों ने उनकी मख़मली आवाज का जादू लोगों के सर चढ़ कर बोला और खूब वाहवाही लूटी। वहीं प्रोग्राम में देश के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वायलिन वादक उस्ताद गुलज़ार हुसैन साहब ने अपनी वायलिन से मौसम में आई तब्दीली का एहसास कराते हुए अपनी अँगलियों का जादू बिखेरा.



## जबेरा में नरसिंह भगवान महोत्सव का समापन

नवभारत,दमोह.जिले के जबेरा में नरसिंह भगवान महोत्सव के अंतिम दिन प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर ने शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित हुआ.सांस्कृतिक कार्यक्रम में शहनाज अख्तर की प्रस्तुतियों ने समारोह में रंग जमाया.राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देशन में अनुज सत्येंद्र सिंह ने बरगी डैम क्रूज दुर्घटना में मृतकों के लिए 2 मिनट का मौन रखवाया.प्रशासन की मौजूदगी रही.

### एक नजर में

## गुलाबी व सफेद कमल के फूल कर रहे आकर्षित

नवभारत, पथरिया 2 मई।प्रकृति ने हमें बहुत ही खूबसूरत और दिलचस्प चीजे दी है जिन्हें हम नजरअंदाज कर देते हैं।



लखरोनी से घोगरी को जाने वाली सड़क पर स्थित धुवा तालाब के किनारे इन पुरेइन के हरे-भरे गोल पत्तों व उसमें खिले गुलाबी व सफेद कमल के फूल मनमोहक लग रहे है और राहगीरों का अपनी ओर आकर्षित कर रहे है।



## एसडीएम, तहसीलदार ने खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

नवभारत,दमोह .पटेरा में एसडीएम हटा व तहसीलदार उमेश तिवारी के द्वारा चना मसूर खरीदी केंद्र सोजना,कुंडलपुर और देवडोंगरा खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया. खरीदी केंद्र प्रभारी व ऑपरेटर को आवश्यक निर्देश दिए .सर्वेर के द्वारा लिए गए सैंपलों की जांच कर सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी प्रकार का नॉन एफएक्यू अनाज नहीं लिया जाएगा .किसान से किसी भी प्रकार का तुलाई व ढुलाई का पैसा नहीं लिया जाएगा. 50 किलो 500 ग्राम से अधिक अनाज की तौल नहीं की जाएगी .मौके तोले हेतु और इलेक्ट्रॉनिक कांटे लगाने के लिए टेंट और छाया पेयजल की आवश्यक व्यवस्थाएं को सुधार करने के लिए निर्देश दिए.

## आरक्षक कुलदीप ने किया रक्तदान



नवभारत,दमोह। जिले के थाना नोहटा में पदस्थ आरक्षक कुलदीप सोनी द्वारा तेज तपती दोपहर में नोहटा थाने से दमोह पहुंचकर अपना स्वेच्छिक 26वार रक्तदान किया. महान है ऐसे रक्तदाता और उनकी यह सोच जो अपने कार्य स्थल से चलकर और रक्तदान करने के लिए जिला अस्पताल पहुंचे.

# प्रधान अध्यापक कोदू सिंह की सेवानिवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह

- 41 वर्ष में 7 स्कूलों में दी सेवाएं
- घर को बनाया कृषि फार्म, लगाए 200 सागौन के पेड़

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.शासकीय प्राथमिक शाला हिनौती सर्रा में पदस्थ रहे प्रधान अध्यापक कोदू सिंह का सेवानिवृत्ति पर विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.41 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति पर गरिमामयी कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनों द्वारा गाजों-बाजों के साथ विदाई दी गई. बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित क्षेत्र के मंत्री के पिता भाव सिंह लोधी ने कहा कि शिक्षक हमेशा सम्मान का पात्र होता है



उन्होंने कहा कि कोदू सिंह ने जीवन पर्यंत पूर्ण ईमानदारी और लगन के साथ शिक्षा के क्षेत्र में जो काम किया है वह अतुलनीय है, मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और वह सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षा की अलग जगती रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी ने भी शिक्षक कोदू सिंह के सेवा काल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह बहुत ही अच्छे शिक्षक रहे हैं उनकी कार्यशैली आज का यह कार्यक्रम बताती है, सेवा मे न होने पर भी वह समाज की सेवा में अपना योगदान देते रहें. राजेश ठाकुर और विष्णु विश्वकर्मा के द्वारा शिक्षक के सम्मान में विदाई गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये.शिक्षक के विदाई सम्मान में मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह ,भारत सिंह लोधी, सरपंच राजेंद्र सिंह, जनपद सदस्य लोकपाल सिंह लकी ठाकुर, दीपचंद सिंघई, मनोहर सिंह ठाकुर, आनंद जैन सचिव ने भी अपने विचार व्यक्त किये.कार्यक्रम का रसमय कवित्तमय भाव विभोर संचालन महेंद्र कुमार दीक्षित जनसेवी ने किया.आभार प्रदर्शन तुलसीराम सहायक सचिव के द्वारा किया गया. इस अवसर पर उनके परिवार जन,व रिश्तेदार पूरे समय मौजूद रहे. कार्यक्रम में धनगौर सरपंच द्वारिका सिंह पूर्व सरपंच अमान सिंह,पूर्व सरपंच सुनील सिंह,भगवत सिंह मासाब, बारी बाई धुर्वे,लक्ष्मी सोनी, बृजमोहन राजपूत, धरम् चंदजैन रोशन सिंह,हेमंत मेहरा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व ग्रामीण रहें.



## जबेरा महाविद्यालय में कुलगुरु का औचक निरीक्षण

- परीक्षा व्यवस्थाओं पर जताई संतुष्टि

नवभारत,जबेरा/दमोह.जिले के जबेरा स्थित शासकीय महाविद्यालय में शनिवार को रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय के कुलगुरु ने स्नातक परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने परीक्षा की शुचिता और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए महाविद्यालय प्रशासन के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया.निरीक्षण के दौरान कुलगुरु सीधे परीक्षा कक्षों में पहुंचे,जहां उन्होंने परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था,पेयजल सुविधा और प्रकाश व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया.उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा शासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए.

# कच्ची अवैध शराब जब्त

नवभारत,दमोह। देहात थाना की चौकी जबलपुर नाका पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी जबलपुर नाका प्रियंका पटेल व उनकी टीम द्वारा 1 मई 2026 को अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई .जिसमें कार्यवाही के दौरान तीन प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया .संजना कुचबंदिया, पति सोहित कुचबंदिया,



निवासी किशन तलैयाअर्चना कुचबंदिया,पति मोहित कुचबंदिया, निवासी किशन तलैया, दुर्गेश आरोपियों के कब्जे से कुल 20लीटर कच्ची महुआ शराब व 25 पाव लाल मसाला शराब जप्त की गई है.

# नियम विरुद्ध गेहूं परिवहन पर कार्रवाई, 43,447 रुपये की वसूली

नवभारत,जबेरा/दमोह.भारसाधक अधिकारी के आदेश व सचिव चाली लाल अहिरवार के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी समिति जबेरा द्वारा सख्त कार्रवाई की गई. मंडी क्षेत्रांतर्गत सिंगपुर त्रिगड्डा से विनिर्गमित एक वाहन को जांच के दौरान पकड़ा गया, जिसमें बड़ी मात्रा में गेहूं लोड पाया गया.कार्रवाई के दौरान मंडी कर्मचारियोंकृसहायक उप निरीक्षक धनीराम शर्मा, सहायक ग्रेड-3 वसंत खरे व श्रवण सिंह ठाकुर, तथा भृत्य सुरेश निहारे की टीम ने वाहन क्रमांक एपी 39 यू एफ4299 को रोका.जांच में पाया गया कि उक्त वाहन जबलपुर मंडी



का गेटपास लिए हुए था और उसमें लगभग 300.80 क्विंटल गेहूं लोड था. पूछताछ में सामने आया कि सिंगपुर निवासी सौरभ अग्रवाल द्वारा नियमों के विरुद्ध तरीके से गेहूं का परिवहन किया जा रहा था.इस पर मंडी प्रशासन ने अधिसूचित कृषि उपज पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित से 43,447 रुपये की राशि वसूल की.मंडी समिति ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कृषि उपज के अवैध परिवहन व नियमों के उल्लंघन पर आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई

## अवैध हथियार निर्माण व बिक्री मामले में 7 आरोपी दोषी, 10 वर्ष तक का कारावास

नवभारत,दमोह .न्यायाधीश पंकज कुमार वर्मा ने अवैध हथियार बनाने व उनकी बिक्री के मामले में आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कठोर दंड सुनाया है. इस प्रकरण में मप्र शासन की ओर से पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई .मामले के अनुसार,दिनांक 2 जनवरी 2025 को थाना कोतवाली में पदस्थ एएसआई राकेश पाठक को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चौनपुरा मोहल्ले में तीन व्यक्ति बोरी में अवैध हथियार लेकर उन्हें बेचने की फ़िराक में बैठे हैं.सूचना के आधार पर एएसआई राकेश पाठक ने पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश दी.



## महिला जैन मिलन जिनवाणी शाखा द्वारा नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ

नवभारत,दमोह। मजदूर दिवस के अवसर पर महिला जैन मिलन जिनवाणी शाखा दमोह द्वारा सेवा व परोपकार की भावना को साकार करते हुए दमोह फ़िजियोथैरेपी क्लीनिक के पास भीषण गर्मी के बीच राहगीरों, मजदूरों एवं आमजन को ठंडा जल उपलब्ध कराने निशुल्क प्याऊ (शीतल जल सेवा) का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर शाखा की अध्यक्ष वीरांगना वंदना जैन, मंत्री वीरांगना प्रिया गंगरा व कोषाध्यक्ष शिवांगी जैन सहित शाखा की सभी वीरांगना बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने मिलकर सेवा कार्य में सहयोग किया और जनसेवा के इस पुनीत कार्य को सफ्ल बनाया।



## कांग्रेस की जिला समन्वय समिति की हुई बैठक

नवभारत,दमोह .जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जबलपुर नाका स्थित कार्यालय में जिला समन्वय समिति का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव ने कहा कि संगठन नेतृत्व व समन्वय समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिये गये है जैसे मंडलम अध्यक्ष को उनके कार्यक्षेत्र में स्वतंत्र रखा जाए जिससे वह और किसी दबाव के काम कर सके। दमोह विधानसभा प्रभारी रमाकांत यादव पथरिया संजय पटेल ने भी बताया कि 5 मई 2026 को सांय 4:30 बजें इंदिरा ज्योति अभियान चलो रामराज्य की ओर रथ पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, भास्कर राव रोकड़े के साथ बांसा से चलकर दमोह आयेंगे।जिसका अभूतपूर्व स्वागत दमोह में किया जायेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि ब्लाक अध्यक्ष मंडलम अध्यक्ष शीघ्र ही अपनी कमेटी बनाकर जिला कार्यालय को सूची देवे। जिससे वार्ड एवं पंचायत स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बना सके।पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा,संजय चौरसिया,नितिन मिश्रा,रोहन पाठक,रजनी ठाकुर, प्रदीप पटैल, परम यादव,वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बसंत कुशवाहा, डालचंद कुशवाहा,शुभम तिवारी, दृगपाल सिहं, केके वर्मा,विजय बहादुर, शमीम कुरैशी, अरूण दुबे, शानु जुनेजा, मुंकेश रोहिताश ने भी सिलेन्डर अथवा रोजमर्रा की बस्तुए बेहताशा दाम बढाये गये है। उससे आम आदमी में जमकर नाराजगी है उस पीड़ा को भी हमें विरोध करना होगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप पटेल, खिल्लु ठाकुर, सुनील लोधी, वकील कुरैशी, दुर्गेश नामदेव, जित्तू अहिरवार, प्रवीण राय, ए.के. चिश्ती, शेख अफ्रोज सहित कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

सौगात | ग्रामीण क्षेत्र में 11 आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत

# विधायक मलैया के प्रयास से दमोह को आंगनबाड़ी भवनों की सौगात

नवभारत,दमोह ।दमोह विधानसभा क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास के ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत मलैया के प्रयासों से वर्ष 2025-26 में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुल 31 नए आंगनबाड़ी भवनों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

ग्रामीण अंचल की महिलाओं और बच्चों को बेहतर पोषण,स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निम्न ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी भवनों की स्वीकृति दी गई है,जिसमें ग्राम पंचायत बरबांसा के ग्राम कौंरासा, ग्राम पंचायत ढिगसर, ग्राम पंचायत हथनी पिपरिया के ग्राम हिनौती, ग्राम पंचायत इमलिया घाट के ग्राम मनका (केंद्र क्रमांक 148),ग्राम पंचायत टिकरी बुजुर्ग, ग्राम पंचायत आमचौपरा के ग्राम चौपरा रैयतवारी, ग्राम पंचायत आनू के ग्राम सडिया, ग्राम पंचायत हथना के कछौआ टोला, ग्राम पंचायत धनगौर, ग्राम पंचायत आमखेडा, ग्राम पंचायत सोमखेडा कलां शामिल है।

**नगरीय क्षेत्र में 20 आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत**

शहरी क्षेत्र में भी आंगनबाड़ी सेवाओं के विस्तार के लिए विभिन्न वार्डों में 20 नए ऑगनवाड़ी भवनों की मंजूरी दी गई है,जिसमें सिविल वार्ड 01 में केंद्र क्र.01,रानी दुर्गावती वार्ड 02में केंद्र क्र.83,लाल बहादुर शास्त्री वार्ड 03 में केंद्र क्र.06,छत्रसाल वार्ड 06 में केंद्र क्र.84,कृष्णा वार्ड 08 में केंद्र क्र.17 व 86,जवाहर वार्ड 11में केंद्र क्र.23,महाराणा प्रताप वार्ड 12में केंद्र क्र.24, सरदार पटेल वार्ड 13 में केंद्र क्र. 26,नया बाजार क्षेत्र में केंद्र क्र.33, 37,36, 35,38 असाटी वार्ड 25में केंद्र क्र.44,महावीर वार्ड में केंद्र क्र.40,किदवई वार्ड 33 में केंद्र क्र.95,बजरिया वार्ड 06 में केंद्र क्र.98,रानी दमयंती बाई वार्ड 36 में केंद्र क्र.61,कस्तूरबा वार्ड 38 में केंद्र क्र.67 शामिल है।

**विकास को मिलेगी गति**

इन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण से क्षेत्र में बच्चों के पोषण स्तर, महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है। यह पहल न केवल आधारभूत संरचना को मजबूत करेगी, बल्कि सामाजिक विकास को भी नई दिशा देगी।

## 37 वर्षों की सेवा के बाद आईएल अठ्या का सम्मान



नवभारत,पटेरा/दमोह। पटेरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी व पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी टीकमगढ़ आई.एल. अठ्या के 37 वर्षों के सफ्ल सेवाकाल पूर्ण होने पर1 मई को उनका सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे ऋषभ मैरिज गार्डन, पाड़री तिगड़ा (पटेरा) में संपन्न हुआ। समारोह में हटा विधायक प्रतिनिधि लालचंद खटीक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।वहीं जिला शिक्षा अधिकारी दमोह एस.के.नेमा,डीसी मुकेश द्विवेदी व पत्रकार नरेंद्र बजाज उपस्थित रहे। विभिन्न ब्लॉकों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी सहित अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक का पद अत्यंत सम्माननीय होता है। श्री अठ्या ने शिक्षक से लेकर प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी तक का लंबा सफ्र तय किया,जो उनकी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षक का स्थान सर्वोच्च होता है और हर व्यक्ति अपने गुरु के प्रति सदैव सम्मान रखता है। कार्यक्रम के दौरान श्री अठ्या के सम्मान में घोड़ा बग्गी से शोभायात्रा भी निकाली गई.


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता योगेश कुमार सेन उम्र 35 वर्ष जाति सेन पिता श्री लखनलाल सेन निवासी - ग्राम चौपरा रैयतवारी, जबलपुर नाका, जिला दमोह (म.प्र.) श्रीमान के समक्ष शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि:- 1. यह कि मैं ग्राम चौपरा रैयतवारी, जबलपुर नाका, जिला दमोह (म.प्र.) का मूल निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे द्वारा पी.एन.बी मेट लाईफ से पॉलिसी क्रमांक 20829751 ली गई थी। जिसमें त्रुटिवश मेरा नाम योगेश कुमार सेन की जगह पर योगेश कुमार है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। 3. यह कि मेरे आधार कार्ड व बैंक पासबुक में योगेश कुमार सेन ही नाम दर्ज है। 4. यह कि उक्त पॉलिसी में आधार कार्ड के हिसाब से योगेश कुमार सेन नाम दर्ज किया जाए। 5. यह कि मुझे इसी नाम योगेश कुमार सेन के नाम से जाना पहचाना जाता है व लिखा पडी की जाए। शपथकर्ता